# रेल मंत्री के पहले जीएम ने लिया कार्यों का जायजा

## रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास, कैमा माल गोदाम, सतना-देवेंद्रनगर रेलखण्ड की जांची प्रगति, सांसद भी रहे शामिल

नवभारत न्यूज

**सतना 13 जुलाई. केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के इसी माह संभावित सतना दौरे के मद्देनजर पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के रेल महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह सोमवार को सतना पहुंचे.**

जहां पर उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत सतना रेलवे स्टेशन पर जारी पुनर्विकास कार्य, कैमा माल गोदाम और अन्य विकास कार्यों के साथ-साथ ललितपुर सिंगरौली रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत सतना-देवेंद्र नगर रेलखण्ड विस्तृत निरीक्षण किया. इसी दौरान जीएम द्वारा यह खुशखबरी भी सुनाई गई कि अगले 3-4 महीने में सतना और सीधी के बीच रेल नेटवर्क जुड़ जाएगा. सोमवार की सुबह विशेष ट्रेन से रेल महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह सतना रेलवे स्टेशन पर पहुंचे. जहां पर औपचारिक स्वागत के फौरन बाद ही उन्होंने निरीक्षण शुरु कर दिया. जीएम के साथ तकरीबन सैकड़ा भर मण्डलीय रेल अधिकारियों-कर्मचारियों का दल भी मौजूद था. फुट ओवर ब्रिज से होते ही जीएम ने लोको शेड और यार्ड क्षेत्र पर नजर दौड़ाई. जिसके बाद सड़क के रास्ते पैदल चलते हुए उन्होंने स्टेशन सहित रेलवे कालोनी क्षेत्र की शहर से रोड कनेक्टिविटी की स्थिति को बारीकी से समझा. इसी दौरान उनकी नजर 2 नए ओवरहेड टैंक के बीच में स्थित 1 पुराने लोहे के बड़े टैंक पर पड़ी. जिसे उन्होंने जल्द डिसमेंटल कराने के निर्देश दिए. पैदल निरीक्षण के दौरान जारी चर्चा के दौरान वे सीनियर डीईएम कंस्ट्रक्शन से रेलवे के साथ-साथ शहर में मौजूद




फ्लाईओवर और अन्य महत्वपूर्ण संरचनाओं के बारे में जानकारी भी ली. इसी कड़ी में जीएम ने रेलवे प्लेटफार्म से होते हुए सकुलेटिंग क्षेत्र का निरीक्षण भी किया. चूंकि जीएम के निरीक्षण से पहले ही साफ-सफाई सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं चौक-चौबंद कर दी गईं थीं. लिहाजा निरीक्षण के दौरान जीएम को ऐसी कोई विशेष खामी नजर नहीं आई. निरीक्षण पूरा करने के बाद वे अधिकारियों की टीम के साथ स्टेशन प्रबंधक कक्ष में पहुंच गए. जहां पर उन्होंने रेलवे स्टेशन पुनर्विकास परियोजना से जुड़े सभी कार्यों का बारी-बारी से गहन परीक्षण किया. जिसके लिए रेल अधिकारियों के साथ-साथ संविदा कंपनी प्रतिनिधियों ने चरणबद्ध तरीके से प्रजेंटेशन दिया. वहीं दोपहर होते-होते सांसद गणेश सिंह भी वहां पहुंच गए. सांसद के साथ जीएम की सौजन्य भेंट के बाद स्टेशन विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ क्षेत्र की रेल आवश्यकताओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई. इसी दौरान सांसद श्री सिंह द्वारा दिए गए सुझावों का भी जीएम ने गंभीरता पूर्वक संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश मौके पर ही दिए.

### कैमा स्टेशन का निरीक्षण

सांसद और रेल महाप्रबंधक कैमा रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां पर यात्री सुविधाओं के साथ-साथ माल यातायात से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया. इसी कड़ी में कैमा माल गोदाम का निरीक्षण करते हुए माल लदान सहित परिचालन व्यवस्था की समीक्षा की गई. इस दौरान जीएम ने परिचालन को और अधिक सुगम व प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए.

### सतना-देवेंद्रनगर रेलखण्ड की समीक्षा

कैमा रेलवे स्टेशन व मालगोदाम का विस्तृत निरीक्षण करने के बाद रेल महाप्रबंधक ने ललितपुर-सिंगरौली रेललाइन परियोजना के अंतर्गत सतना-देवेंद नगर रेल खण्ड की समीक्षा की. रेल खण्ड का निरीक्षण करते हुए रेलवे ट्रैक, सिग्नलिंग प्रणाली और ओवरहेड इक्विपमेंट जैसी तकनीकी व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान जीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परियोजना से जुड़े सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरुप पूर्ण किए जाएं, ताकि भविष्य में ट्रेनों का परिचालन सुरक्षित सुचारु और निर्बाध रुप से सुनिश्चत हो सके. गौरतलब है कि सतना देवेंद्र नगर रेलवे ट्रैक पर विद्युतीकरण का कार्य अंतिम चरण में है, और अगले 3 :5 महीने में इसे सीधी से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.

### चंद माह में जुड़ेंगे सीधी-सतना

स्टेशन प्रबंधक कक्ष में मीडिया के साथ औपचारिक जानकारी साझा करते हुए जीएम श्री सिंह ने बताया ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन परियोजना की प्रगति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हर महीने किसी न किसी रेलखण्ड का सीआरएस परीक्षण कराया जा रहा है. इसी कड़ी में अगले 3-4 महीने में सतना और सीधी आपस में रेल नेटवर्क से जुड़ जाएंगे. डी-कंजेशन प्लान के अंतर्गत सतना का गुड्स शेड कैमा स्थानांतरित किया जा रहा है. जहां पर रेलवे प्लेटफार्म का कार्य लगभग पूरा हो चुका है. जबकि सिग्नलिंग और केबलिंग कार्य के टेंडर इसी माह जारी कर दिए जाएंगे. भविष्य को देखते हुए मुख्त्यागंज में स्टेशन का निर्माण से लेकर सगमा तक बेहतर कनेक्टिविटी पर कार्य जारी है. अगल वर्ष के अंत तक सतना रेलवे स्टेशन पुनर्विकास कार्य से जुड़ी आधारभूत संरचनाओं को तैयार कर लेने का लक्ष्य रखा गया है. जिसके अंतर्गत सतना स्टेशन पर 2 नए प्लेटफार्म, अतिरिक्त बर्थिंग ट्रैक, आधुनिक सिग्नलिंग सिस्टम और बेहतर ड्रैनेज सिस्टम की व्यवस्था भी तैयार की जाएगी.

# रीवा के युवक ने गाजियाबाद में केन्द्रीय मंत्रियों के नाम पर की 40 लाख की ठगी

## पीड़िता रीवा एसपी कार्यालय पहुंची शिकायत करने

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 जुलाई, उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद की महिला ने रीवा के एक युवक पर केन्द्रीय मंत्रियों के नाम पर लगभग 40 लाख की ठगी का आरोप लगाया है. महिला का आरोप है कि रीवा के रहने वाले अभयराज सिंह नामक व्यक्ति ने खुद को केन्द्रीय मंत्री का साला बताया और केन्द्र की योजनाओं में पार्टनरशिप में काम करने का झासा देकर पैसे ठग लिये.**



महिला के मुताबिक उसके पति ने प्लॉट गिरवी रखकर पैसे दिए थे, लेकिन काम नहीं होने पर डिप्रेशन में आकर उसके पति की भी मौत हो गई. इधर पैसा लेने वाले ने महिला के पति की मौत के बाद महिला से भी संपर्क तोड़ दिया. फिलहाल पीडित माया त्यागी पति स्व. अच्छत त्यागी निवासी गाजियाबाद ने रीवा पहुंचकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है. दरअसल रीवा पहुंची गाजियाबाद निवासी महिला ने रीवा निवासी अभयराज सिंह पर 40 लाख की ठगी का आरोप लगाया है. महिला के मुताबिक अभयराज से उनकी मुलाकात कालोनी में ही रहने वाले लोगो के जरिए हुई थी. महिला ने बताया कि रीवा के रहने वाले अभयराज ने केन्द्रीय मंत्री एवं अन्य राजनेताओं को अपना रिश्तेदार बताकर पहले तो उसने बातों से उसके पति का दिल जीता फिर मंत्रियों की मदद से केन्द्र की योजनाओं का काम दिलाने का झांसा देकर पैसे ऐठ लिये. पीडित महिला ने कहा कि डिप्रेशन में आकर पति की मौत के तकरीबन दो से ढाई साल तक वह चुप रही. लेकिन अब उसने अपने हक की लडाई लडने और आवाज उठाने की ठानी है. महिला ने आज रीवा पहुंचकर शिकायत करते हुये कार्यवाही की मांग की है.

# बुजुर्ग से भोपाल रेलवे स्टेशन पर 8 लाख की लूट

## ऑटो सवार युवकों ने की वारदात

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 जुलाई, भोपाल शहर के बाग सेवनिया इलाके में सवारी बनकर ऑटो में बैठे तीन बदमाशों ने 71 वर्षीय बुजुर्ग के बैग से करीब 8 लाख रुपए कीमत के जेवर चोरी कर लिए. बुजुर्ग रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से बाग सेवनिया स्थित पेबल वे कॉलोनी जाने के लिए ऑटो में सवार हुए थे.**

थाने से कुछ ही दूरी पर तीन युवक सवारी बनकर ऑटो में बैठे और बुजुर्ग का बैग पीछे रख दिया. कुछ देर बाद बैग से जेवर का डिब्बा गायब मिला तो बुजुर्ग को युवकों पर संदेह हुआ. इसी बीच तीनों ऑटो से उतरकर भागने लगे. बुजुर्ग भी उनके पीछे दौड़े और लोडिंग ऑटो की मदद से पीछा कर यूनियन बैंक के पास उन्हें पकड़ भी लिया, लेकिन बदमाश एक अपार्टमेंट के रास्ते भाग निकले. इस पूरी वारदात से जुड़े कई सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं. मामले में ऑटो चालक की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है. भोपाल के पेबल वे सोसायटी निवासी रामनरेश पटेल मूलत: रीवा के रहने वाले हैं और प्राइवेट कंपनी में जॉब करते हैं. उनके पिता मोतीलाल पटेल 71 वर्ष सिंचाई विभाग से रिटायर हैं. मोतीलाल ने बताया कि शनिवार को रीवा से चल कर रविवार सुबह 7:30 बजे वह रेवांचल एक्सप्रेस से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंचे थे. स्टेशन की सेकंड एंट्री प्लेटफार्म नंबर-5 की तरफ से उन्होंने पेबल वे जाने के लिए ऑटो किया. बाग सेवनिया थाने से कुछ ही दूरी पर ऑटो चालक ने तीन युवकों को सवारी के रूप में बैठाया. ऑटो में बैठते ही युवकों ने मोतीलाल का बैग लेकर पीछे रख दिया। उन्होंने आपत्ति जताते हुए बैग वापस देने को कहा. कुछ दूर आगे जाकर मोतीलाल ने बैग खोला तो उसमें रखा ज्वेलरी का डिब्बा गायब था. डिब्बे में उनकी बहू के करीब 8 लाख रुपए कीमत के जेवर थे. उन्हें तीनों युवकों पर संदेह हुआ. इसी दौरान तीनों ऑटो से उतरकर भाग निकले.

# लोकायुक्त का छापा : अभियोजन अधिकारी 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों ट्रैप

## लोकायुक्त रीवा की टीम ने जिला न्यायालय परिसर में की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सीधी, 13 जुलाई. लोकायुक्त पुलिस रीवा ने आज जिला न्यायालय सीधी परिसर के सामने पार्किंग क्षेत्र में 10 हजार की रिश्वत लेते हुये अभियोजन अधिकारी को रंगे हांथों ट्रैप किया। रिश्वत के साथ पकड़े गये अभियोजन अधिकारी को लेकर लोकायुक्त टीम आगे की कार्रवाई के लिये स्थानीय सर्किंग हाउस पहुंची।**

मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पंकज कुमार तिवारी पिता राघवेन्द्र प्रसाद तिवारी उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम टेकर थाना मझौली जिला सीधी द्वारा लोकायुक्त कार्यालय रीवा में 9 जुलाई 2026 को आवेदन प्रस्तुत कर रिश्वत के संबंध में शिकायत की गई थी। शिकायत में कहा गया था कि उसके एक प्रकरण में अभिमत देने के एवज में जिला अभियोजन अधिकारी द्वारा 20 हजार रूपये रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत प्राप्त होने पर लोकायुक्त संभाग रीवा पुलिस अधीक्षक योगेश्वर शर्मा के द्वारा शिकायत का सत्यापन करवाया गया। शिकायत सत्यापन के दौरान आरोपी द्वारा आवेदक से 8 हजार रूपये ले लिये तथा 10 हजार रूपये और रिश्वत की मांग की गई। जिस पर आज दिनांक 13 जुलाई 2026 को पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त रीवा योगेश्वर शर्मा के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह परिहार के नेतृत्व में टीम गठित कर दोपहर में ट्रैप कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी राजकुमार रावत जिला अभियोजन अधिकारी को शिकायतकर्ता से 10 हजार रूपये रिश्वत लेते हुये रंगे हांथों ट्रैप किया गया। आरोपी के विरूद्ध 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधन अधिनियम 2018 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर टीम द्वारा कार्रवाई की जा रही है।



शिकायतकर्ता



आरोपी

### शिकायतकर्ता से रिश्वत लेते पूर्व में पकड़ा गया था एएसआई-शिकायतकर्ता

पंकज कुमार तिवारी द्वारा थाना मझौली में दिनांक 7 जुलाई 2023 को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्रस्तुत आवेदन पर जानकारी प्रदान करने के लिये सहायक उपनिरीक्षक कमलेश त्रिपाठी द्वारा 50 हजार रूपये रिश्वत की मांग की गई थी। इसकी शिकायत भी पंकज कुमार तिवारी लोकायुक्त रीवा में की गई थी, जिसमें कार्रवाई के दौरान 30 अगस्त 2025 को शिकायतकर्ता पंकज कुमार तिवारी 20 हजार रूपये रिश्वत लेते आरोपी सहायक उपनिरीक्षक पकड़ा गया था। आरोपी सहायक उपनिरीक्षक कमलेश त्रिपाठी के विरूद्ध पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक 166/25 धारा 07 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधन 2018 वर्तमान में जिला न्यायालय में विचाराधीन है।

### इनका कहना है



शिकायत का सत्यापन सही पाये जाने के बाद आज जिला न्यायालय परिसर सीधी में ट्रैप कार्रवाई की गई। आरोपी को रिश्वत लेते हुये रंगे हांथों पकड़ा गया और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

**एस.एस.मरावी, टीआई**
लोकायुक्त रीवा

### रकम फेंककर भागा अभियोजन अधिकारी

जिला न्यायालय परिसर सीधी में आज दोपहर उस समय हड?प मच गया जब लोकायुक्त रीवा की टीम ने जिला अभियोजन अधिकारी राजकुमार रावत को 10 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हांथ ट्रैप कर लिया गया। आरोपी ने खुद को बचाने की कोशिश में रिश्वत की रकम सड? किनारे फेंक दी और मौके से भागने लगा, लेकिन कार्रवाई में एलर्ट लोकायुक्त टीम ने दौड?र उसे दबोच लिया। इसके बाद खुले मैदान में ही आरोपी के हांथों की रासयनिक जांच सहित प्रारंभिक कार्रवाई पूरी की गई।


**एन सी एल NCL**
**नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
(मिनिरत्न कंपनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)

**संक्षिप्त रोजगार सूचना**

एनसीएल ऐसे भारतीय नागरिकों से जो कि 'माइनिंग सरदार टी एण्ड एस ग्रेड- सी' एवं 'सर्वेक्षक (खनन) टी एण्ड एस ग्रेड- बी ' संवर्ग के पदों के लिए न्यूनतम एवं आवश्यक योग्यता रखते हों, से सीधी भर्ती द्वारा अपनी, मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले एवं उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में स्थित, खदानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों मे नियुक्ति के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित करती है। कुल रिक्तियों की संख्या दर्शाती तालिकाः-

| क्र. | पदनाम | कैडर | कुल रिक्तियां |
|---|---|---|---|
| 1 | माइनिंग सरदार टी एण्ड एस, ग्रेड- सी | खनन | 254 |
| 2 | सर्वेक्षक (खनन) टी एण्ड एस, ग्रेड- बी | खनन | 05 |
| | कुल | | 259 |

महत्वपूर्ण तिथियों, ऑनलाइन आवेदन और पात्रता मानदंड, अधिकतम आयु सीमा, आवेदन शुल्क, आरक्षण और छूट, आवेदन प्रक्रिया, चयन प्रक्रिय आदि के संबंध में पूर्ण जानकारी के लिए विस्तृत रोजगार अधिसूचना संख्या 246 दिनांकः 10.07.2026 का संदर्भ लें जो एनसीएल की आधिकारिक वेबसाइट https://www.nclcil.in पर उपलब्ध है।
इस भर्ती से संबंधित किसी भी संशोधन / परिवर्तन की सूचना केवल एनसीएल की वेबसाइट पर दी जाएगी।

**महाप्रबंधक (भर्ती)**
**एनसीएल, सिंगरौली**
R-29


# रिश्ता हुआ शर्मसार : चाचा ने नाबालिग भतीजी से किया दुष्कर्म

## आरोपी को गिरफ्तार कर सेमरिया पुलिस ने भेजा जेल

नवभारत न्यूज

**सीधी, 13 जुलाई. जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। आरोप है कि एक चाचा ने अपनी ही नाबालिग भतीजी को घर में अकेला पाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना के समय पीड़ि़ता के माता-पिता खेत में काम करने गए हुए थे।**

जानकारी के अनुसार पीड़िता ने घटना के बाद अपनी सहेली को फोन कर पूरी जानकारी दी, जिसके बाद सहेली के माध्यम से पीड़िता के माता-पिता को घटना की सूचना मिली। परिजनों ने तत्काल डायल-112 पर शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और पीड़िता को उपचार एवं चिकित्सकीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल सीधी लाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।




घटना की जानकारी मिलते ही सेमरिया पुलिस सक्रिय हुई और पीड़िता एवं परिजनों के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

### इनका कहना है

घटना की जानकारी प्राप्त होते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

**केदार परौहा**
थाना प्रभारी सेमरिया

### इनका कहना है

सेमरिया थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई नियमानुसार जारी है।

**श्रीमती कमला जोशी,**
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी

## मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पाटीदार कल आएंगे



**सतना, 13 जुलाई.** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार कल 15 जुलाई को सतना आएंगे . श्री पाटीदार सुबह 10 बजे भरहुतनगर स्थित भाजपा कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से सामान्य मुलाकात करेंगे ! अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के पश्चात श्री पाटीदार दोपहर 2 बजे अबेर (कोटर) में आयोजित पिछ?ा वर्ग सम्मेलन को संबोधित करेंगे !

# मुर्गा व्यापारी से लूट करने वाला इनामी आरोपी पकड़ाया


नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 जुलाई, रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने लूट के मामले में फरार चल रहे दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों ने मुर्गा व्यापारी से खाते में रुपए ट्रांसफर करवा कर लूट की वारदात को अंजाम दिया था.**

इस पूरी कार्यवाही के संबंध में थाना प्रभारी राजकुमार तिवारी ने बताया कि राजेश पटेल 44 वर्ष निवासी बर्गेहा थाना नईगढ़ी के साथ बदमाशों ने 8 मार्च को रायपुर कर्चुलियान क्षेत्र में लूट की थी. बदमाशों ने उनको रोककर खाते में 1 लाख 38 हजार रुपए जमा करवाए थे जिसकी शिकायत पीड़ित ने थाने में दर्ज कराई थी. घटना के बाद से फरार बदमाशों पर पुलिस अधीक्षक ने पांच-पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया था. उक्त फरारी के दौरान आरोपी चोरी छिपे अपने घर लौटकर आए थे जिसकी जानकारी मिलने पर पुलिस ने गोरगांव के समीप घेराबंदी कर पकड़ लिया. आरोपियों ने पूछताछ पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया. उनके कब्जे से करीब 19 हजार रुपए बरामद हुए है जबकि शेष रकम बदमाशों ने फरारी के दौरान खर्च करने की जानकारी दी है. घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन को बदमाशों ने मैकेनिक के यहां मरम्मत के लिए छोड़ा था जिसको पुलिस ने जब्त कर लिया है. पकड़े गए बदमाशों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया.

## खुले में मांस बेचने पर ननि का 10,500 रुपये जुर्माना

**सिंगरौली 13 जुलाई।** नगर पालिक निगम सिंगरौली द्वारा शहर को स्वच्छ और स्वास्थ्यप्रद बनाए रखने के उद्देश्य से लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज नवजीवन बिहार जोन अंतर्गत खुले में मांस की बिक्री करने वाले और आसपास भारी गंदगी फैलाने वाले लापरवाह व्यापारियों के खिलाफ आकस्मिक चालानी कार्रवाई की गई। इस विशेष अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों से कुल 10,500 रुपये का जुर्माना वसूल कर उन्हें सख्त चेतावनी दी गई। इस पूरी कार्रवाई के दौरान नगर निगम का अमला मौके पर मुस्तैद रहा, जिसमें स्वच्छता निरीक्षक पवन बरोदे, स्वच्छता निरीक्षक विशाल सोनी, स्वच्छता पर्यवेक्षक राजू, स्वच्छता उप पर्यवेक्षक दिनेश सिटाडेल, सीएंडडी मैनेजर रोहित चौरसिया एवं आईईसीण् की टीम मुख्य रूप से मौजूद रहे।



# पुलिस पदोन्नति नियम के तहत जियावन थाने में पदोन्नति समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली, 13 जुलाई। पुलिस विभाग के पदोन्नति नियम-2025 के तहत सोमवार को पुलिस थाना जियावन में पदोन्नति समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डॉ. गायत्री तिवारी एवं थाना प्रभारी उप निरीक्षक शेष नारायण द्विवेदी ने पदोन्नत पुलिसकर्मियों की वर्दी पर पदचिह्न ( फ्लैप ) लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं।**



अधिकारियों ने कहा कि पदोन्नति केवल सम्मान नहीं, बल्कि कर्तव्य, अनुशासन और जनसेवा की जिम्मेदारी भी बढ़ाती है। उन्होंने सभी पदोन्नत पुलिसकर्मियों से पूरी निष्ठा, ईमानदारी और उत्कृष्ट कार्यशैली के साथ कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन की सेवा में समर्पित रहने का आह्वान किया। पदोन्नति नियम-2025 के तहत पूर्व में कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक के रूप में कार्यरत तेज बहादुर, दिनेश कुमार एवं नरेंद्र सिंह को स्थायी सहायक उप निरीक्षक एएसआई के पद पर पदोन्नत किया गया। वहीं कार्यवाहक प्रधान आरक्षक उमेश रावत, रमेश चंदन एवं बृजेश सिंह को स्थायी प्रधान आरक्षक बनाया गया। इसके अलावा जियावन थाने में पदस्थ आरक्षक दिनेश कुमार, अमन रावत, प्रतीक कुमार एवं नाथूलाल प्रजापति को आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया। समारोह के दौरान जियावन थाना का समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पदोन्नत पुलिसकर्मियों का पुष्पगुच्छ एवं शुभकामनाओं के साथ स्वागत करते हुए उनके उज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल की कामना की।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99